# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 20 अप्रैल 2024, शनिवार

## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा उत्तरप्रदेश के वृंदावन में जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिन्दु

**पहले चरण में कांग्रेस-सपा का सूपड़ा साफ हो गया है। आने वाले चरणों में जनता वृन्दावन होते हुए काशी तक कमल खिलाएगी।**

***********************

**वोटबैंक की लालच में रामलला के दर्शन नहीं करने गए सपा-कांग्रेस**
**कांग्रेस ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने का काम नहीं किया, भाजपा ने उनको भारत रत्न देकर हर किसान का सम्मान किया।**

***********************

**मोदी जी ने पूरे उत्तर प्रदेश को कई हजार किलोमीटर नेशनल हाईवे, हर घर बिजली, हर घर पानी, शौचालय देने का काम किया।**

***********************

**2017 में दो लड़के इकट्ठा होकर आए थे, राहुल और अखिलेश। तब सबसे बड़े अंतर से भाजपा की सरकार बनी थी। अब 2024 में भी दोनों इक्कठे हुए हैं, इस बार सबसे ज्यादा सीट भाजपा उत्तर प्रदेश में जीतेगी।**

***********************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज शनिवार को उत्तर प्रदेश के मथुरा में जनसभा को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जयंत चौधरी, वर्तमान सांसद और लोकसभा प्रत्याशी श्रीमति हेमा मालिनी, वरिष्ठ नेता श्री चौधरी लक्ष्मी नारायण सहित अन्य पदाधिकारीगण मंच पर उपस्थित रहे। संबोधन के दौरान श्री अमित शाह ने भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा और श्री चौधरी चरण सिंह जी को उचित सम्मान न देने के लिए आलोचना की।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि **देश में पहले चरण का मतदान हो चुका है और पहले ही चरण में सपा-कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है**। दूसरे चरण में भी इसी यात्रा को आगे बढ़ाकर उत्तरप्रदेश की जनता वृंदावन होते हुए काशी तक कमल को विजयी बनाएगी। **एक ओर गरीब के घर में पैदा हुए नेता आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हैं और दूसरी ओर चांदी की चम्मच के साथ पैदा हुए राहुल गांधी हैं**। दोनों के बीच में जनता को किसी एक को चुनना है। एक ओर 12 लाख करोड़ के घोटाले-भ्रष्टाचार करने वाली कांग्रेस और समाजवादी पार्टी हैं, वहीं दूसरी ओर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हैं, जिन्होंने 23 साल तक मुख्यमंत्री रहते हुए शासन किया लेकिन 4 आने के भी भ्रष्टाचार का आरोप

नहीं है। **एक ओर गर्मी आते ही थाईलैंड के प्राइवेट द्वीप पर छुट्टियां मनाने वाले राहुल गांधी हैं और दूसरी ओर दिवाली के दिन भी छुट्टी न लेने वाले आदरणीय प्रधानमंत्री जी हैं**।

श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्षों में देश को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। कांग्रेस, सपा और बसपा ने 70 वर्षों तक राम मंदिर के मुद्दे को अटकाकर रखा, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री जी के 5 वर्षों के कार्यकाल में ही फैसला भी आया, भूमिपूजन भी हुआ और भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है। **राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सपा और कांग्रेस के नेताओं को निमंत्रण दिया गया था लेकिन अपने वोट बैंक के लालच में ये वहां भी नहीं गए**। श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने, 70 साल से जिसकी राह देखी जा रही थी कश्मीर से उस धारा 370 को समाप्त कर कश्मीर को हमेशा के लिए भारत के साथ जोड़ दिया है। 10 साल तक सोनिया-मनमोहन के शासन में आए दिन पाकिस्तान से आतंकी आकर हमले करके चले जाते थे लेकिन भाजपा शासन में उरी और पुलवामा हमलों के 10 दिनों के भीतर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेना ने पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल और एयर स्ट्राइक करके आतंकियों का सफाया कर दिया। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध बनाया है**।

श्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस शासन में भारत का अर्थतंत्र 11वें स्थान पर था लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत का अर्थतंत्र 5वें स्थान पर आ गया है और **यह मोदी की गारंटी है कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत का अर्थतंत्र 5वें स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा**। चौधरी चरण सिंह वह नेता है, जिन्होंने उत्तरप्रदेश के किसानों की भूमि को सुरक्षा देने का काम किया था। **चौधरी चरण सिंह ने कांग्रेस का साथ किसानों की भूमि बचाने के लिए छोड़ी था**। वर्षों बाद भी कांग्रेस ने उन्हें भारतरत्न नहीं दिया लेकिन उन्हें सम्मान देने का काम आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी ने किया है। **चौधरी चरण सिंह ने समूचे उत्तरप्रदेश सहित किसानों को भी एकजूट करने का काम किया है**। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने समग्र उत्तरप्रदेश में कई हजार किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग, बिजली, पानी, शौचालय, हर गरीब को 5 किलो अनाज निःशुल्क मुहैया करवाया है। **श्री शाह ने कहा कि कोरोना वैक्सीन लगवाने के समय भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी कहते थे कि यह वैक्सीन मत लगवाओ, यह मोदी वैक्सीन है**। लेकिन क्योंकि प्रत्यक्ष को प्रमाण की जरूरत नहीं होती इसलिए सभी देशवासियों ने वैक्सीन के दोनों टीके लगवाए और कोरोना के भय से निजात पाया।

**श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश में आधारभूत संरचना को सुधारने के लिए अथक प्रयास किए हैं**। ग्राम सड़क योजना के तहत 570 किलोमीटर सड़क बनाई, अंतराष्ट्रीय सुविधाओं से सुसज्जित अन्तर्राज्यीय बस अड्डा, मथुरा जंक्शन, मथुरा केंट रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण करना का काम किया। भाजपा सरकार ने 600 एकड़ भूमि पर विश्वस्तरीय थीम पार्क बनाने की योजना चल रही है। **श्री शाह ने कहा कि 84 कोस की परिकर्मा मार्ग का भी पूर्ण विकास किया जाएगा। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना के तहत मथुरा के सामान को भी पहचान मिल रही है**। गोवर्धन को तहसील बनाया, अग्रसेन चौराहों का निर्माण किया गया और 42 हजार निराश्रित महिलाओं को पेंशन देने का काम भी भारतीय जनता पार्टी ने किया है। **श्रीमती हेमा मालिनी 2014 और 2019 में भी मथुरा की जनता का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं और भाजपा को विश्वास है तीसरी बार भी श्रीमती हेमा मालिनी बहुमत के साथ विजयी हासिल कर मथुरा की जनता का प्रतिनिधित्व करेंगी।** श्रीमति हेमा मालिनी मथुरा के विकास के लिए समर्पित रही हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि **पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 2014 में पलायन हो रहा था, समाजवादी पार्टी के गुंडे लोगों को परेशान कर रहे थे लेकिन 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी से गुंडे पलायन कर रहे हैं**। 2017 में दो शहजादे राहुल गांधी और अखिलेश एक साथ मिलकर आए थे तो सबसे बड़े मार्जिन से भाजपा सरकार बनी थी और 2024 में दोनों शहजादे फिर से साथ आए हैं तो सबसे ज्यादा सीट उत्तर प्रदेश से जीतकर भारतीय जनता पार्टी सरकार बनाएगी। श्री शाह ने जनता से लोकसभा प्रत्याशी हेमा मालिनी के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि श्रीमति हेमा मालिनी के नाम के सामने कमल के निशान का बटन दबाते ही वोट सीधे आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को जाएगा।

*************************